कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
कुशीनगर

✆ 05564 297311

✉ eeruralkushinagar@gmail.com

पत्रांक 1884/A-4 / 03   दिनांकः 15/06 /2026

श्री विवेकानन्द पाण्डेय, मा0 विधायक जी, खड्डा द्वारा धनौजी अबादकारी ग्राम पंचायत पेयजल योजना पर किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या

श्री विवेकानन्द पाण्डेय, मा0 विधायक जी, खड्डा द्वारा जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड खड्डा में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित धनौजी अबादकारी ग्राम पंचायत पेयजल योजना का निरीक्षण दिनांक 01.02.2026 को किया गया, जिसमें उपस्थिति निम्नवत रही–

1. श्री आतिफ हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
2. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, जू0इं0, कार्यदायी एजेंसी मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि, टी0पी0आई0ए0 के प्रतिनिधि, ड0पी0एम0यू0 के प्रतिनिधि, आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।
3. क्षेत्र के सम्मानित एवं जागरूक जनसमूह।
4. सम्बन्धित ग्राम प्रधान व ग्रामवासी।

निरीक्षण का विवरण निम्नवत है–

मा0 विधायक जी द्वारा सर्वप्रथम योजना से सम्बन्धित समस्त घटकों यथा शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवाल, पम्पिंग प्लान्ट, सोलर प्लान्ट, वितरण प्रणाली व गृह जल सयोजनों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया गया। मा0 विधायक जी द्वारा योजना के आटोमेशन से सम्बन्धित प्रणाली एवं योजना की मॉनिटरिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से नियमित एवं गुणवत्ता पूर्ण जलापूर्ति के बारे में फीडबैक प्राप्त किया गया जिसमें ग्रामवासियों द्वारा दिये गये फीडबैक से मा0 विधायक जी संतुष्ट व प्रसन्न दिखे। मा0 विधायक जी द्वारा जनता को सम्बोधन के समय पेयजल के महत्व एवं सद्पयोग हेतु प्रेरित किया गया तथा योजना से नियमित एवं निर्बाध रूप से जलापूर्ति करने तथा जलापूर्ति के सम्बन्ध में ग्रामीणों से प्राप्त होने वाले शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner